## सार-समाचार

### अवैध खनन और अत्यधिक ब्लास्टिंग के विरोध में धरना जारी

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम बामलास, हुकुमपुरा, खेदड़ों की ढाणी एवं खरबासों की ढाणी में अवैध खनन और अत्यधिक ब्लास्टिंग के विरोध में चल रहा धरना 38वें दिन भी कड़ाके की ठंड के बीच लगातार जारी रहा। खनन विभाग, पुलिस प्रशासन व धरनार्थियों के बीच हुई वार्ता एक बार फिर बेनतीजा रहने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। धरनार्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल एडवोकेट जयंत मूंड के नेतृत्व में दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी रालोपा के सांसद हनुमान बेनीवाल से मिला और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि खनन लीज क्षेत्रों में की जा रही भीषण ब्लास्टिंग से आसपास के 200 से अधिक मकानों में गहरी दरारें आ चुकी हैं तथा 40 से ज्यादा ट्यूबवैल ध्वस्त हो गए हैं। जिससे क्षेत्र में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि दिन-रात चल रही भारी मशीनरी के कारण धूल-प्रदूषण, कंपन और शोर से आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस दौरान उदयपुरवाटी क्षेत्र के ग्राम गिरावड़ी में भैरु जी की बणी में पावर ग्रिड कंपनी द्वारा पिलर्स लगाने के लिए हजारों पेड़ों की कटाई का मुद्दा भी सांसद के समक्ष रखा गया। जहां पिछले एक माह से ग्रामीणों का धरना जारी है। सांसद ने दोनों मामलों को गंभीरता से सुनते हुए अवैध खनन, नियमों के उल्लंघन, अत्यधिक ब्लास्टिंग और पर्यावरण विनाश के प्रकरणों को लोकसभा में प्रमुखता से उठाने तथा उच्च स्तरीय जांच की मांग करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सरपंच दारासिंह मेघवंशी, प्रदीप यादव, लीलाधर मीणा एवं बंटी नेहरा उपस्थित रहे।

### प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल की जीविका वर्मा ने रजत पदक जीता

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित मिनी सब-जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन जयपुर की जगतपुरा आर्चरी रेंज में संपन्न हुआ। राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल और राजस्थान स्टेट ओलंपिक से मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के उभरते तीरंदाजों ने अपना कौशल दिखाया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के पांच खिलाड़ियों जीविका वर्मा, गुंजल, नैतिक जांगिड़, कोमल और यशवर्धन ने जिला टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इनमें से जीविका वर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। जिन्होंने पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर व प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन ने जीविका को उनकी इस बड़ी जीत और नेशनल में चयन के लिए बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन के आधार पर जीविका वर्मा का चयन आगामी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी, कोच संदीप योगी, भावेश व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ की बैठक हुई

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित अंबेडकर भवन में कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ की पहली बैठक हुई। जिलाध्यक्ष अमर सिंह धीरज ने सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों से कांग्रेस कि विचारधारा व रीति-नीति को समाज के वंचित अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आव्हान किया। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का माल्यार्पण कर अपनी निष्ठा व ईमानदारी से संगठन के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने के लिए कहा। सभी ने एससी प्रकोष्ठ को आगे बढाने की शपथ ली। यहां यह उल्लेखनीय है कि काफी लम्बे समय बाद कांग्रेस कमेटी एससी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन हुआ है। इस अवसर पर नंदलाल वर्मा, रविदत्त गुरू, रामस्वरूप आसलवासिया, मुकेश कुमार, सत्यनारायण धौलपुरिया, महावीरप्रसाद तोगडिया, बाबूलाल नायक, बसंतकुमार जैदिया, शीशराम बारूपाल, रामकरणसिंह पटवारी, सूबेदार महावीरसिंह जोया, सुरेंद्रकुमार काला, महावीरप्रसाद सानेल, कालूराम सेवदा,भोपालसिंह बोयल, रामसिंह, विजेंद्रकुमार, सुंदरपालसिंह, सत्यनारायण चूडी, रामनिवास गुडेसर, हवाईसिंह चांवरिया, मुकेश जाखड, सुरेश मेघवाल डाबडी, शिशुपाल सिंह, परमेश्वरलाल मीठवास, गोविंदकुमार बोयल, दिनेश तानेनिया व नितिन कुमार बोयल उपस्थित रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का स्वागत

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे का बीकानेर जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष अलका शर्मा व पूर्व शहर अध्यक्ष मनोज शर्मा के नेतृत्व में लक्ष्मणगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर 21 किलों फुलों की माला पहनाकर, चुनडी ओढाकर व चंग धमाल से स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोक गायक भाजपा बलारां मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा (चंचल) द्वारा मधुर चंग धमाल से वसुंधरा आई रे लक्ष्मणगढ़, माय स्वागत करस्यां जी - माला भी पहरावा म्हे तो चुनड़ भी उढ़ावा गीत गाकर स्वागत किया। इस अवसर पर डीडवाना विधायक युनुस खां, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सिंघानिया, युवा मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री शमशाद खान जाजोद, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवभगवान बगड़िया, पूर्व शहर मंडल उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश महर्षि, प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी,युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया, पूर्व महामंत्री रवि भार्गव, उपाध्यक्ष रमन लाटा, मंत्री मुकुल शर्मा, ऋषि जाजोदिया, ओबीसी मोर्चा बलारां मंडल अध्यक्ष सुरेश जांगिड सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेवदा ने सोसायटी को सहयोग दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी को विकास कार्यों के लिए सहायक उप निरीक्षक नूआं निवासी कालूराम सेवदा ने अपनी सेवानिवृत्ति पर चंदे के रूप में 51 हजार रूपए दिए। जिस पर सस्था संरक्षक महावीरप्रसाद सानेल व जिलाध्यक्ष अमरसिंह धीरज ने माल्यार्पण साल व साफा पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि सेवदा 31 जनवरी को ही जम्मू से सीआरपीएफ से सहायक उप निरीक्षक के पद से गौरवशाली सेवा काल के बाद सेवानिवृत्त हुए है। संस्था संरक्षक ने कालूराम को भावी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए इनके स्वस्थ तंदुरस्त प्रसन्निचत्त रहने की कामना की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अमरसिंह धीरज, संरक्षक महावीर प्रसाद सानेल, शीशराम बारूपाल, मुकेश कुमार बाडलवास, नंदलाल वर्मा सीबीईओ, महावीर प्रसाद तोगडिया सीबीईओ, शिशुपाल सिंह बहादुरवास, रामकरण सिंह पटवारी, परमेश्वर मीठवास, विजेंद्र वाहिदपुरा, सुंदरपाल सीगडा, दीनदयाल गर्वा, अरविंद बाडेटिया गरिमामयी उपस्थित रही।

### जिला अस्पताल में मरीज की जेब कटी

**रतनगढ़** (निसं)। जिला अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीज की जेब कटने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। तहसील क्षेत्र के गांव बछरारा निवासी रामनिवास मेघवाल की जेब से अज्ञात व्यक्ति ने 8,500 रुपये निकाल लिए। पीड़ित रामनिवास ने बताया कि वह तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल पहुंचा था। जब वह रोगी पर्ची कटवाने के लिए लाइन में लगा हुआ था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब साफ कर दी। घटना का पता चलने पर अस्पताल परिसर में काफी देर तक तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले, लेकिन अभी तक चोर का कोई पता नहीं चल सका है। घटना के बाद मरीजों और उनके परिजनों में आक्रोश देखा गया।

### फेयरवेल महोत्सव आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल में कक्षा-12 के छात्र -छात्राओं के लिए भव्य फेयरवेल पार्टी आशीर्वाद का आयोजन हुआ। कक्षा-11 के विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों व अपने सीनियर्स कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जूनियर्स विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के प्रति सम्मान व स्नेह व्यक्त करते हुए नृत्य, गीत, नाटक, भाषण व मनोरंजक खेलों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। मनोरंजक खेलों ने कार्यक्रम को और उत्साह से भर दिया। वहीं कक्षा-12 के विद्यार्थी अथर्व निर्वाण की भावात्मक अभिव्यक्ति ने कुछ समय के लिए माहौल को भावुक बना दिया। कक्षा-12 के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक कर आत्म विश्वास व प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# गर्भवती महिलाओं और बच्चों को जीवनरक्षक टीके लगाए

- चिकित्सा संस्थान व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया
- जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल सिंह ने टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया

**सीकर,** (निसं)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एमसीएचएन दिवस) मनाया गया।

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर बीमारियों से बचाव के लिए जीवनरक्षक टीके लगाए। वहीं मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं दी।

विभाग द्वारा माह के प्रत्येक गुरूवार को एमसीएचएन दिवस पर गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं को पोषण व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की जानकारी दी जाती। चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई। साथ ही गर्भवती महिला के शरीर में कैल्शियम व खून की कमी नहीं आए, इसके लिए आईएफए, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां दी।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने चिकित्सा संस्थाओं, टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कर आमजन को दी गई सेवाओं व सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही चिकित्सा संस्थानों में स्टॉफ की उपस्थिति, साफ सफाई, वैक्सीन का रखरखाव, वार्ड की स्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, जांच की स्थिति व उपकरणों का रखरखाव की जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का दुगुना ध्यान रखना चाहिए और समय समय पर स्वास्थ्य की जांच तथा टीके लगवाने चाहिए। दिन में कम से कम तीन बार भोजन करना चाहिए और प्रसव सरकारी अस्पताल में ही करवाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि गुरूवार को बच्चों को पीलिया, टीबी, हैपेटाइटिस बी, गलघोंटू, काली खांसी, निमोनिया, टिटनेस, मेनिनजाइटिस खसरा और रूबले, रोटा, दस्त आदि रोगों से बचाव के लिए टीके लगाए और उनको प्रसवपूर्व देखभाल के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र कांकरिया, दिवराला, पीएचसी जुगराजपुरा, उप जिला अस्पताल अजीतगढ़, आंगनबाडी केंद्र सांवलपुरा शेखावतान, पीएचसी हाथी देह, सांवरलपुरा तंवरान, हरदास का बास, झाझली, सीएचसी थोई, कावंट की इमरजेंसी का निरीक्षण किया। उनके साथ आरबीएसके के अतिरिक्त नोडल अधिकारी डॉ. पवन शर्मा भी थे।

## कॉलेज टॉपर्स का सम्मान किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। गोयनका कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बी.फार्म एवं डी.फार्म पाठ्यक्रमों की यूनिवर्सिटी परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कॉलेज टॉपर्स की सफलता को केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की शैक्षिणक उपलब्धियों की सराहना की गई।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्रा नागासुरी ने बताया कि टॉपर्स की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

## नीमकाथाना में पेयजल संकट गहराया

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र में गहराते पेयजल संकट को लेकर विधायक सुरेश मोदी ने राजस्थान विधानसभा में प्रक्रिया के नियम 50 के अंतर्गत स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से एक अत्यंत गंभीर और तात्कालिक मुद्दा सदन के समक्ष रखा। विधायक ने बताया कि क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कुल 754 नलकूप संचालित हैं, जिन पर बिजली विभाग का करीब 262.33 लाख रुपये का बकाया चल रहा है।

विधायक सुरेश मोदी ने सदन को अवगत कराया कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और उनके पास इतनी बडी राशि जमा कराने के लिए कोई ठोस संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा बकाया वसूली के दबाव में नलकूपों के बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि 31 मार्च को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के कारण बिजली विभाग पर वसूली का अतिरिक्त दबाव है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है।विधायक ने चेताया कि यदि नलकूपों के कनेक्शन काटे गए तो पूरे नीमकाथाना क्षेत्र में भीषण पेयजल संकट खड़ा हो जाएगा। घरों तक पानी की आपूर्ति बाधित होगी, पशुओं के लिए भी पीने के पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

इससे जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण जीवन पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विशेष रूप से महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पानी की तलाश में भटकने को मजबूर हो जाएंगे।विधायक सुरेश मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हुई थी, तब सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए ग्राम पंचायतों में लगे ट्यूबवेलों की सम्पूर्ण बकाया बिजली राशि स्वयं जमा करवाई थी, जिससे आमजन को तत्काल राहत मिली थी।उन्होंने कहा कि पेयजल जीवन की मूलभूत आवश्यकता है और इसे किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं किया जा सकता।

स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से विधायक ने सरकार से मांग की कि ग्राम पंचायतों में लगे नलकूपों के बकाया बिजली बिलों के समाधान के लिए तुरंत व्यावहारिक और नीतिगत निर्णय लिया जाए। साथ ही जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक बिजली विभाग को निर्देशित किया जाए कि वह किसी भी नलकूप का कनेक्शन न काटे, ताकि क्षेत्र की जनता को निर्बाध रूप से पेयजल उपलब्ध होता रहे।

## नीमकाथाना में बंद साबुन फैक्ट्री से लाखों का सामान चोरी

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना शहर के पुलिस का मौहल्ला, छावनी क्षेत्र में स्थित एक बंद साबुन निर्माण इकाई से चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। पीड़ित कैलाश चन्द गुर्जर पुत्र मानाराम गुर्जर, निवासी ढाणी जासला वाली, तन दरीबा ने कोतवाली थाना नीमकाथाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी की साबुन बनाने की लघु उद्योग इकाई पिछले तीन-चार महीनों से बंद पडी थी। दिनांक 02 फरवरी 2026 को सुबह करीब 10 बजे राम शर्मा पुत्र बाबूलाल भारद्वाज एवं मनजीत सैनी पुत्र ओमप्रकाश सैनी, दोनों निवासी पुलिस का मौहल्ला छावनी नीमकाथाना, चोरी की नीयत से फैक्ट्री में घुस गए। आरोपियों ने फैक्ट्री के ताले तोड़कर अंदर रखा भारी मात्रा में सामान चोरी कर लिया।चोरी किए गए सामान में 19 पेटी साबुन (प्रत्येक पेटी 20 किलो), एक पानी की मोटर, 13 कट्टे सर्फ, 35 साबुन टब (प्रत्येक 5 किलो), 55 प्लास्टिक के पाटे, साबुन बनाने के 4 फर्मे, 7 पाइप (दो इंच के) तथा 525 खाली कार्टून शामिल हैं।घटना को संजय गुर्जर पुत्र दिनेश गुर्जर, निवासी पुलिस का मौहल्ला छावनी नीमकाथाना ने अपनी आंखों से देखा, जिन्होंने इसकी पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि इसी क्षेत्र में पूर्व में भी 17 जनवरी 2026 की रात को पांच अलग-अलग स्थानों से पानी की मोटरें व घरेलू सामान चोरी हो चुका हैं, तथा गोपाल शर्मा के घर से सोने चांदी के आभूषण सहित घरेलू सामान चोरी हो चुका है, जिनमें भी इन्हीं आरोपियों पर संदेह जताया जा रहा है।प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस थाना कोतवाली नीमकाथाना में अपराध धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच उप निरीक्षक गिरधारी लाल के जिम्मे सौंपी गई है।

# 121 कुंडीय रुद्र महायज्ञ व धार्मिक आयोजन को लेकर कलश यात्रा निकाली

**बीदासर** (निसं)। निकटवर्ती गांव धोरां की ढाणी स्थित गोरख धुणा में संत पं. रेंवती रमण के आश्रम पर महा शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में रुद्र महायज्ञ समिति के तत्वाधान में शुक्रवार से शुरू हो रहे 121 कुंडीय रुद्र महायज्ञ व विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर गुरुवार को कस्बे की बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से गाजे बाजे मनमोहक झांकियों व 2121 कलशों के साथ महिलाओं व युवतियों ने कस्बे के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली।

कलश यात्रा में महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी तो कस्बे का वातावरण धार्मिक बन गया। विशाल शोभायात्रा को देखने के लिए जगह-जगह श्रद्धालुओं का हजूम उमड पडा। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।



121 कुंडीय रुद्र महायज्ञ व विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर कस्बे की बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से गाजे बाजे से कलश यात्रा निकाली।

11 दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन की जानकारी देते हुए संत के परम शिष्य समाजसेवी शिक्षक घनश्याम लाल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को यज्ञ आचार्य पंडित चंद्रशेखर दाधीच के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू होगा। जिसमें 363 जोडे व 121 पंडित प्रतिदिन एक साथ हवन में आहूतिया देंगे।

यज्ञ के दौरान कार्यक्रम स्थल पर भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिव पुराण कथा दोपहर 1.30 बजे से 3.30 बजे तक, राम कथा दोपहर 3.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक चलेगी। विशाल धार्मिक आयोजन की पूर्णाहुति 16 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है पंडित रेंवती रमण जी के आश्रम पर वर्ष 1997 से लगातार रुद्र महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष 30 वां रुद्र महायज्ञ का आयोजन होगा।

# गर्भवती के संपूर्ण स्वास्थ्य और देखभाल की जानकारी दी

- गर्भ की पाठशाला यूट्यूब चैनल चिकित्सा विभाग की अनुपम पहल

**सीकर,** (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अनुपम पहल की गई है।

निदेशालय स्तर से इसके लिए यूट्यूब चैनल गर्भ की पाठशाला शुरू किया गया है। इसमें माध्यम से प्रदेशवासियों को पहली एएनसी, गर्भावस्था तथा आहार जैसी संपूर्ण जानकारी दी जा रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में निरामय राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह अभीनव पहल की गई है। स्वास्थ्य विभाग के निदेशालय से शुरू किए गए इस यूट्यूब चैनल से अब घर बैठे महिलाएं व आमजन लाभान्वित हो रहे हैं।

निदेशालय के आईईसी ब्यूरों द्वारा संचालित गर्भ की पाठशाला चैनल पर डाइग्राम के माध्यम से पहली एएनसी, गर्भावस्था की पहचान, गर्भावस्था में एनीमिया, गर्भधारण पूर्व परामर्श, गर्भावस्था के दौरान उल्टी, गर्भावस्था में जरूरी पोषण, प्रसव, सुरक्षित गर्भपात, प्रीलेबर रूप्चर ऑफ मेंब्रेन, पूर्व सिजेरियन के बाद गर्भावस्था, पहले सिजेरियन प्रसव के बाद सामान्य प्रसव, लेट टर्म और पोस्ट टर्म गर्भावस्था सहित गर्भावस्था के बारे में चरणबद तरीके से जानकारी दी गई है।

इसके अलावा इस पाठशाला में प्रसव के बाद शिशु की देखभाल, कंगारू मदर केयर, शिशु के लिए पूरक आहार, अंतरगर्भाशय गर्भनिरोधक (आईयूसीडी) की जानकारी दी गई है। निदेशक आईईसी डॉ टी शुभमंगला के नेतृत्व में संचालित गर्भ की पाठशाला चैनल पर सभी जानकारी बेहद रौचक व आसानी से महिलाओं की समझ में आ सके इसलिए साधारण भाषा में डाईग्राम के माध्यम से समझाई गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने आमजन के लिए बेहद लाभादायक बताया है।

उन्होंने बताया कि मेडिकल टर्मनॉलोजी को इस चैनल में आसान हिन्दी में जानकारी दी गई, ताकि लोगों को गर्भवस्था में रखी जाने वाली सावधानियां, जोखिम, एनीमिया प्रबंधन, शिशु की देखभाल जैसी उपयोगी जानकारी मिल सके। उन्होंने जिलेवासियों से गर्भ की पाठशाला चैनल का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## पदाधिकारियों का सम्मान

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय मिल्लत नगर स्थित छींपा फेक्ट्री के पास ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्था के अध्यक्ष उमर कुरैशी जिला सचिव हाजी सफी नागौरी कोषाध्यक्ष हाजी फारूक कुरैशी झुंझुनूं विधानसभा अध्यक्ष शब्बीर सैय्यद का भव्य स्वागत, सम्मान, अभिनंदन सर्व समाज़ के मौजिज लोगों द्वारा माला साफा शॉल पहनाकर किया गया। सम्मान करने वालों में हाजी जहूर अहमद खान के नेतृत्व में हाजी सफी तेली, हाजी शौकत दानका, अकबर चोपदार, ईद मोहम्मद मनियार, सहित वार्ड 17 एवं 27 के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### विधायक अनिल शर्मा ने मजबूती से रखा क्षेत्र की समस्याओं का पक्ष

**सरदारशहर** (निसं)। स्थानीय विधायक अनिल शर्मा ने को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अपने सरदारशहर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को सदन के पटल पर रखा और सरकार से उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। विधायक शर्मा ने किसानों के हितों की वकालत करते हुए बकाया कृषि क्लेम समय पर देने, ट्यूबवेलों पर रात की बिजली को दिन में देने और पर्याप्त समय तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कृषि कनेक्शन शीघ्र जारी करने और डीएपी व यूरिया की कालाबाजारी पर अंकुश लगाकर जरूरतमंद किसानों को खाद उपलब्ध करवाने की मांग भी जोर-शोर से उठाई। स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने राजकीय उप जिला चिकित्सालय सरदारशहर के भवन निर्माण कार्य को तुरंत शुरू करने और क्षेत्र की पीएचसी व सीएचसी में पर्याप्त डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने जर्जर व क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों के स्थान पर नए कक्षा-कक्षों के निर्माण की आवश्यकता जताई। इसके साथ ही, उन्होंने शहर की सरकारी व ट्रस्ट की जमीनों पर सत्ताधारी नेताओं और भू-माफियाओं द्वारा किए जा रहे अतिक्रमणों को तुरंत हटाने व उन पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की। अंत में, उन्होंने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के वित्तीय प्रावधानों में किए गए बदलावों को निरस्त कर उसे यथावत रखने की मांग भी सदन के समक्ष रखी। विधायक शर्मा ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वे सरकार से लगातार जवाबदेही की मांग करते रहेंगे।

### निरंतर आगे बढ़ना ही जीवन है : सरिता बैद

**सरदारशहर** (निसं)। मोची वाड़ा स्थित शहर की प्रमुख शिक्षण संस्थान लिटिल चैंप पब्लिक स्कूल में गुड लक पार्टी 2025-26 का आयोजन अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। संस्था प्रधान सरिता बैद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका विजयलक्ष्मी बैद ने शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय अध्यापिका तनु सेन के कुशल निर्देशन में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान विदाई ले रहे विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें मनीषा सोनी को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। वहीं प्रियल शर्मा फर्स्ट रनर-अप और पियूष सोनी सेकंड रनर-अप रहे। संस्था प्रधान सरिता बैद ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस गरिमामयी समारोह में अध्यापिका पूनम भाटी, अभिलाषा पारीक, ममता मीणा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा पारीक ने किया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सादुलपुर,** (निसं)। गुरुवार को गांव थान मठुई के खेल मैदान में बाबा निर्मल नाथ के सानिध्य में टीसीआई बाबा बालीनाथ क्रिकेट प्रतियोगिता का सुभारम्भ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पूनिया के मुख्य आतिथ्य में फीता काटकर किया गया। दोपहर साढे तीन बजे दी जानकारी के अनुसार उद्घाटन मैच थान मठुई और बालान के बीच खेला गया, जिसमें थान मठुई विजेता रही। प्रतियोगिता में हरियाणा सहित तहसील भर की टीमें भाग ले रही है।

## 'डेटॉल बनेगा स्वस्थ इण्डिया' कार्यक्रम

**सादुलपुर,** (निसं)। राउमा विद्यालय मोडावासी में गुरूवार को ममता संस्था रेकिट संस्था के सहयोग से संचालित डेटॉल बनेगा स्वस्थ इण्डिया कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकास, सहभागिता की भावना, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विशेष रूप से हाथ धोने के चरण के प्रति जागरूकता विकसित करना है।

दोपहर अढाई बजे दी जानकारी के अनुसार बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताया, नियमित साबुन से हाथ धोने, खाने से पूर्व व बाद में, शौच जाने के पश्चात हाथ धोने की नसीहत देकर स्वच्छता मॉनिटर क्लास वाइज बनाये गए। जिम्मेदारी देकर समझाया गया कि क्लास रूम की सफाई रखनी एवं हाथ धोने के 6 चरण प्रैक्टिकल के रूप में समझाए गए।

## साईबर फ्रॉड के 49,300 रूपये रिफण्ड करवाये

**तारानगर** (निसं)। तारानगर थानाधिकारी सीआई सतपाल बिश्नोई में नेतृत्व थाने में साईबर पोर्टल पर कार्यरत कॉंस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा ने साईबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुये साईबर फ्रॉड के हुए 49,300 रूपये वापिस परिवादी के खाते मे रिफण्ड करवाये। सीआई बिश्नोई ने बताया कि 24 मार्च 2025 को तारानगर के निकटवर्ती गाँव रामपुरा निवासी लोकेश कस्वां ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ साईबर फ्रॉड कर 51,900 रूपये ट्रांसफर करवा लेने की शिकायत दर्ज करवायी जिसको लेकर कांस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा ने परिवाद का अवलोकन कर परिवादी से जांच कर खाते से स्थानान्तरित हुई राशि को ट्रेस कर त्वरित कार्यवाही करते हुये परिवादी के खाते से 49 हजार 3 सौ रूपये की राशी हॉल्ड करवाई।

राजस्थान सरकार
न्यायालय तहसीलदार राजगढ़ (चूरू)
क्रमांक भू.अ. /2026/411-16 दिनांक:-02.02.2026
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण समुन्द सिंह, सुभाषचंद्र, नेतराम, रमेश कुमार पुत्रगण उदमीराम जाति जाट निवासी भामासी तह. राजगढ जिला चूरू ने दिनांक 02.01.2026 को एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर नोटेरी पब्लिक प्रमाणित वसीयत का नामांतरण दर्ज कराने का निवेदन किया है। रोही ग्राम भामासी के खसरा संख्या 87,88,212 व 229 किता 4 तादादी 26.1200 है. की वसीयत, वसीयतकर्ता पालाराम पुत्र हरचन्द जाति जाट निवासी भामासी द्वारा अपने 1/2 हि. की आड़
वसीयत अपने सगे भतीजों महेन्द्र सिंह, समुन्द सिंह, सुभाषचंद्र, नेतराम, रमेश कुमार पुत्रगण उदमीराम जाति जाट निवासी भामासी तह. राजगढ़ (चूरू) के पक्ष में की गई है। वसीयत कर्ता पालाराम की मृत्यु दिनांक 26.11.2025 हो चुकी है। जिसकी वसीयत के आधार पर नामान्तरण करण दर्ज किया जाना है।
उक्त वसीयत अनुसार रोही भामासी तह. राजगढ़ जिला चूरू की उपर्युक्त वर्णित भूमि का नामान्तरण करण महेन्द्र सिंह, समुन्द्र सिंह, सुभाषचंद्र, नेतराम, रमेश कुमार पुत्रगण उदमीराम जाति जाट निवासी भामासी के पक्ष में दर्ज किया जाना है, इस बाबत किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति, एतराज हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की दिनांक से 10 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति या एतराज इस कार्यालय में दर्ज करावें। समयावधि समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार आपत्ति/एतराज स्वीकार नहीं किया जायेगा। तथा वसीयत के आधार पर नामान्तरण करण दर्ज कर दिया जायेगा।
यह सार्वजनिक सूचना आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर द्वारा जारी की गई।
तहसीलदार(भू.अ.)
राजगढ़(चूरू)

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 27/2026
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री अमीत कुमार कासिमपुरिया पुत्र श्री स्व विनोद कुमार कासिमपुरिया निवासी वार्ड नं 04 बगड तहसील जिला झुझुनू ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत श्री गोरीशंकर गौशाला प्रबंधक समिति बगड़ झुझुनू के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 30/1/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 06/04/2026
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)
क्रमांक -न.पा.रा./भूमि/2026/20354385 दिनांक: 05/02/2026
आपति आमत्रंण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अन्जू पत्नि श्री सरोज जाति मितल साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने आवेदन मय दस्तावेजो की फोटोप्रति प्रस्तुत कर वार्ड सं. 21 रावतसर में अपने आवासीय भूखण्ड साईज 108.73 वर्गमीटर का आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहा है। अतः उक्त भूखण्ड आवासीय से व्यवसायिक परिवर्तन में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू)
क्रमांक : न.पा./रतननगर/ भूमि शाखा/2025-26/3047 दिनांक : 03.02.2026
सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपति आमन्त्रण-पत्र)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित आवेदकगण द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्यो की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपति निम्न अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपतियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदकगण के पक्ष में कर दिया जावेगा :-

| क्र. सं. | पत्रावली क्रमांक | नाम आवेदक/आवेदिका | आवेदित भूमि की अवस्थिति | भूखण्ड का क्षेत्रफल | खसरा नं. | प्लाट संख्या | अपेक्षित स्वीकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | - | श्रीमती बसन्ती देवी/मंगलाल सैनी | वार्ड नं. 08, रतननगर | 62.45 वर्गमीटर | - | - | दुकान निर्माण स्वीकृति |
| 2 | - | श्रीमती कंचन/रूकमानंद | वार्ड नं. 08, रतननगर | 62.45 वर्गमीटर | - | - | दुकान निर्माण स्वीकृति |

राज.संवाद/सी/25/19234
अधिशाषी अधिकारी